निर्माण कर रहा था। उसके विरुद्ध पहले से भी केस दर्ज है।

# बिहार विद्यालय परीक्षा समिति, पटना

विज्ञप्ति संख्या – पी.आर. 10/2024

**इन्टरमीडिएट वार्षिक प्रायोगिक परीक्षा, 2024 में सम्मिलित होने वाले परीक्षार्थियों, सभी परीक्षा केन्द्र के केन्द्राधीक्षकों, जिला कार्यक्रम पदाधिकारी (मा०शि०) तथा सभी जिला शिक्षा पदाधिकारी के लिए समिति स्तर पर नियंत्रण कक्ष स्थापित करने के संबंध में आवश्यक सूचना**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि इन्टरमीडिएट वार्षिक प्रायोगिक परीक्षा, 2024 सभी जिला में निर्धारित परीक्षा केन्द्र पर **दिनांक 10.01.2024 से 20.01.2024 तक** संचालित होनी है। प्रायोगिक परीक्षा के सफल संचालन के लिए बिहार विद्यालय परीक्षा समिति मुख्य भवन में नियंत्रण कक्ष (कंट्रोल रूम) स्थापित किया गया है, जो **दिनांक 09.01.2024 से 20.01.2024 तक पूर्वाह्न 09:00 बजे से अपराह्न 06:00 बजे तक** कार्यरत रहेगा।

2. प्रायोगिक परीक्षा, 2024 संचालित होने के क्रम में किसी प्रकार की पृच्छा, संशय अथवा किसी प्रकार की कठिनाई/समस्या होने पर समिति के नियंत्रण कक्ष के **दूरभाष संख्या 0612–2232227/2232257** पर सम्पर्क कर त्वरित समाधान प्राप्त किया जा सकता है।

परीक्षा नियंत्रक (उ०मा०)

Scanned with CamScanner